हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 10 जुलाई 2024

04 पत्नी को बात करने बहाने घर से बाहर बुलाकर...

07 जनसुनवाई : नगर अध्यक्ष ने कबाड़ा हटाने ...





### संभागायुक्त ने समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए आवास खाली कराने के निर्देश

## रिटायरमेंट के बाद अवैध रूप से शासकीय आवासों में रहने वालों पर सरकार सख्त

**अनाधिकृत रूप से सरकारी आवासों में रहने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों पर अब सख्त कार्रवाई करने की मंशा शासन द्वारा बनाई गई है। मंगलवार को संभागायुक्त केजी तिवारी ने आयोजित बैठक में लोनिवि के मुख्य कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिए हैं कि रिटायरमेंट के बाद सरकारी आवासों में रहने वाले एवं अवैध रूप से कब्जा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम संभागायुक्त केजी तिवारी ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में लोक निर्माण विभाग के मुख्य कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिए कि वे शासकीय आवास में अवैध रूप से रहने वाले एवं कब्जा न छोड़ने वाले व्यक्तियों पर नियम अनुसार सख्त कार्रवाई करें। संभागायुक्त ने कहा कि शासकीय आवास में अवैध रूप से कब्जा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कमिश्नर पुल के मकान में भी पता लगाने के निर्देश दिए की कोई अधिकारी यह कर्मचारी अवैध रूप से तो शासकीय आवास में नहीं रह रहा है। उल्लेखनीय है कि समय सीमा की बैठक में बताया गया था कि शासकीय आवास में रिटायरमेंट के बाद भी कुछ लोग कब्जा करके रह रहे हैं और आवास खाली नहीं कर रहे हैं, और ना ही आवास का किराया दे रहे हैं। संभागायुक्त ने ऐसे लोगों पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए और कहां की किराया कर्मचारी की पेंशन से वसूला जाए और रिटायरमेंट के समय एनओसी देने से पहले यह सुनिश्चित किया जाए की उस अधिकारी या कर्मचारी का शासकीय आवास में कब्जा तो नहीं है। उन्होंने जनजाति कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग के आवासो की भी पड़ताल करने के निर्देश दिए।

संभागायुक्त ने निर्देश दिए की समाचार पत्रों में यदि जिले से संबंधित कोई शिकायत या समस्या प्रकाशित होती है तो उसको प्रॉपर रिस्पांस दिया जाए। संबंधित अधिकारी द्वारा उस शिकायत या समस्या की जांच अवश्य की जाए। उन्होंने कहा कि कमिश्नर कार्यालय को मेल से भी यदि कोई शिकायत कर रहा है तो उसकी भी जांच कर समस्या का निराकरण किया जाए।

उन्होंने सभी संभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि उनके पास एक से अधिक जिलों का चार्ज है , तो वे नर्मदा पुरम में रुकने का तिथि अवश्य बताएं। उन्होंने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को समय पर कार्यालय आने के लिए निर्देश जारी किया और कहां की सभी विभाग फेस आईडी सिस्टम मशीन लगाए और मशीन पर अपने फेस अटेंडेंस दें । उन्होंने कहा कि जहां सार्थक एप कार्य कर रहा है वहां सार्थक ऐप से अटेंडेंस लिया जाए। उन्होंने सभी संभागीय अधिकारियों को हिदायत दी की बैठक में स्वयं आए और बिना वाजिब कारण के अपने किसी असिस्टेंट को ना भेजें।

संभागायुक्त ने बताया कि सविनय सुशासन अभियान आगामी शनिवार को प्रातः 6:00 बजे से शुरू किया जाएगा । इस अभियान के तहत सभी अधिकारी श्रमदान करेंगे, कहीं कचरा डंप है तो उसकी सफाई करेंगे और परिसर को स्वच्छ बनाएंगे। जिस स्कूल में टीचर नहीं आते हैं वहां पर अधिकारी पढ़ाएंगे , उन्होंने निराश्रित मवेशी यो के पुनर्वास के संबंध में भी निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की यह जिम्मेदारी होगी कि सभी स्वास्थ्य केंद्र समय पर खुलें।

बैठक में संभागायुक्त ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की और कहा कि इस अभियान में जो भी कार्य हाथ में लिए गए हैं उसे समय सीमा में पूरा किया जाए। साथ ही अगले वर्ष जो नवीन कार्य लिए जाएंगे उसकी लिस्टिंग की जाए। उन्होंने कहा कि जिन विभागों का भुगतान बकाया है उनका भुगतान शीघ्र किया जाए।

उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी व्यक्ति एक पेड़ अपनी मां के नाम जरूर लगाए। संभागायुक्त ने कहां की लोकसभा गारंटी केंद्र सक्रिय रूप से कार्य करें, जो प्रकरण आ रहे हैं उन्हें समय सीमा में निराकृत करें। उन्होंने समाधान एक दिवस को भी प्राथमिकता से चलाने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को सभी अधिकारी गंभीरता से लेते हुए समय सीमा में निराकृत करें। संभागायुक्त ने गत सप्ताह निजी सेंटरों पर आयोजित पीएससी परीक्षा के भुगतान शीघ्र करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर आयुक्त आर पी सिंह, उपायुक्त राजस्व गणेश जायसवाल, संयुक्त उपायुक्त विकास जी सी दोहर, हरदा बैतूल एवं नर्मदापुरम जिले से आए डिप्टी कलेक्टर एवं संभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## साहब ! पति दहेज के लिए मारपीट करता है, कार्रवाई कर न्याय दिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



आमजनों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रति मंगलवार जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में 117 आवेदन प्राप्त हुए जिनकी कलेक्टर एवं संबंधित अधिकारियों ने सुनवाई की। ग्राम सिलारी तहसील इटारसी की अनिता बाई अपने पति की शिकायत लेकर जनसुनवाई पहुंची। उन्होने कलेक्टर को प्रस्तुत आवेदन में बताया कि उनका विवाह 8 वर्ष पूर्व रीति रिवाजों से हुआ था। उनके पति उनके साथ मारपीट करते है और दहेज लाने के लिए प्रताड़ित करते हैं।

कलेक्टर ने एसडीएम को प्रकरण का परीक्षण करने के निर्देश दिए। कोठी बाजार की 87 वर्षीय निर्मला मिश्रा ने अपने घर के आस पास चाय वालों, फूल वालों की गुमटियों, टपरियों एवं ठेले वालों की शिकायत की कि वे फुटपाथ पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर दुकाने जमा ली है। साफ सफाई नही होने के कारण कचरे का अंबार लग गया है , सडी बदबू आती है। सिगरेट के धुएं के कारण इस उम्र में उन्हें परेशानी का सामना करना पड रहा है। कलेक्टर ने नगर पालिका अधिकारी को तत्संबंध में उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्वालटोली के अर्जुन यादव ने प्रस्तुत आवेदन में बताया कि उन्हें शालेय क्रीडा प्रतियोगिता से बाहर कर दिया गया एवं उनके द्वारा जब सीएम हैल्प लाईन में शिकायत की गई तो नर्मदा कॉलेज ने उक्त शिकायत यह कहकर बंद करवा दी कि वे मानसिक रूप से परेसान रहते है और किसी दवाब में 2 से 3 बार स्वयं को नुकसान पहुंचा चुके है। अर्जुन यादव ने बताया कि उक्त आरोप बेबुनियाद है उन्होने जिला चिकित्सालय से मानसिक रूप से स्वस्थ्य होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने तत्संबंध में उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

### छात्रावास में प्रवेश के लिए आवेदन 15 अगस्त तक

**नर्मदापुरम।** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मेट्रिक बालक छात्रावास एवं पिछड़ा वर्ग पोस्ट मेट्रिक कन्या छात्रावास में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन 15 अगस्त तक आमंत्रित किए गये हैं। छात्रावास में प्रवेश हेतु पिछड़ा वर्ग के इच्छुक विद्यार्थी आवेदन पत्र जिला कार्यालय, छात्रावास से प्राप्त कर छात्रावास अधीक्षक जिला कार्यालय को प्रस्तुत कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए छात्रावास अधीक्षक डी.एस चौहान एंव अधीक्षिका आरती चौधरी से संपर्क कर सकते हैं।

## जिले में 187.8 मिमी वर्षा फिर भी नहीं गर्मी से राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पिछले कुछ दिनों से नर्मदांचल में मानसूनी बादल के साथ हुई बारिश होने के बाद उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हैं। लोग आसमान कीओर टकटकी लगाकर बदरा बरसने का इंतजार कर रहे हैं ताकि गर्मी से राहत मिल सके। जिले में 1 जून 2024 से आज दिनांक 9 जुलाई को प्रातः 8 बजे तक जिले में 187.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 194.1 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 9 जुलाई 2024 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 4.2 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 0.5 , इटारसी मे 39.0, माखननगर में 6.0 , सोहागपुर में 22.0, पिपरिया में 0.2 , बनखेड़ी 30.6, पचमढ़ी में 9.0 एवं डोलरिया तहसील में 12.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिलीमीटर है।

## राज्य स्तरीय कुराश स्पर्धा में सर्वाइट की छात्रा आर्या ने जीता स्वर्ण पदक




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

10वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर कुराश प्रतियोगिता 2024-25 अशोकनगर में आयोजित की गई थी। इसमें शहर के सर्वाइट कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल की होनहार कक्षा पांचवी की छात्रा खिलाड़ी आर्या थापक ने कुराश खेल में स्वर्ण पदक जीता।

छात्रा आर्या थापक ने पिछले वर्ष 9 वें सब जूनियर प्रतियोगिता में रजत पदक और नेशनल प्रतियोगिता में ताम्र पदक हासिल किया था। आर्या थापक का कहना है कि मैं निरंतर ही कुराश खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेना चाहूंगी। इस खेल प्रतियोगिता के लिए कोच वैशाली तिवारी द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण दिया।

इससे सभी खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया गया । अशोक नगर में आयोजित प्रतियोगिता में उपस्थित कुराश खेल प्रतियोगिता के महासचिव राहुल व्यास और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सामान्य सम्मेलन की बैठक आज

**नर्मदापुरम।** जिला पंचायत के सामान्य सम्मेलन की बैठक 10 जुलाई को दोप. 2.00 बजे से जिला पंचायत, नर्मदापुरम के सभाकक्ष में आयोजित की जा रही है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सौजान सिंह रावत ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि बैठक में पूर्व बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन एवं पालन प्रतिवेदन पर चर्चा, कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा एवं जिले के वेयर हाउस में रखे अनाज की उपलब्धता पर चर्चा, स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा, शिक्षा विभाग (जिला शिक्षा अधिकारी / जिला परियोजना समन्वयक की समीक्षा, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा कियान्वित योजनाओं की समीक्षा, विद्युत विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा, 15वाँ वित्त एवं पांचवे वित्त अंतर्गत कार्य योजना पर चर्चा सहित अन्य विषय पर चर्चा कर निर्णय लिए जायेंगे।

## स्वच्छ सर्वेक्षण में अव्वल आने के लिए आयोजन शुरू




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर को साफ सुथरा और स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में प्रथम पायदान पर लाने के लिए नगरपालिका द्वारा सतत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के निर्देशन पर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के नेतृत्व में शासन के निर्देश अनुसार जून से जुलाई माह में अलग-अलग सप्ताह अलग-अलग कार्यक्रम किए जा रहे हैं। मंगलवार को थीमेटिक अभियान के तहत प्लाग रन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्लॉग रन स्वच्छता के अभियान में सहभागी बने और अपने शहर को स्वस्थ एवं सुंदर बनाए रखने में एक कदम आगे बढ़ाएं। प्लाग रन को नपाध्यक्ष नीतू यादव एवं सभापति रिचा जितेंद्र तिवारी द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया। प्लॉग रन अभियान नगर पालिका परिषद कार्यालय से होते हुए सतरस्ता जय स्तंभ सराफा चौक सेठानी घाट तक चली। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, उपाध्यक्ष अभय वर्मा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, सभापति रिचा जितेंद्र तिवारी सहित पार्षदगण और नागरिक उपस्थित रहे।

## प्रदेश सरकार को सद्बुद्धि देने के लिए किसानों ने धरना स्थल पर यज्ञ में दी आहूति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




भारतीय किसान संघ का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन स्थानी कलेक्ट्रेट पीपल चौक पर मंगलवार को भी जारी रहा। जिले के पदाधिकारी सहित इटारसी एवं नर्मदा पुरम के तहसील स्तरीय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता धरने पर बैठे और उन्होंने शासन की किसान विरोधी नीतियों के विरोध में सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया। इसके प्रमुख उपवाक्य थे किसानों का शोषण बंद करो स्वाहा झूठ बोलना बंद करो स्वाहा किसाने की बददुआएं लेना बंद करो स्वाहा अमरवाड़ा में तुम हो जाओ स्वाहा आदि आदि किसानों का आक्रोश निरंतर बढ़ता जा रहा है सरकार ने यदि किसानों के हित में तत्काल निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन धीरे-धीरे उग्र रूप धारण करेगा वही आज धरना स्थल पर मिसरोद के किसानों ने संगठन को अवगत करवाया है कि स्थानीय स्तर पर भी किसान प्रशासनिक आक्रांताओं का शिकार है उन्हें भवन बनाने के लिए यदि डायवर्सन करवाना हो तो अनेक प्रशासनिक अलंगे डाले जा रहे हैं और उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। स्थानीय एसडीएम कार्यालय में प्रशासनिक अराजकता व्याप्त है वही किसान संघ की मंत्रणा समिति में आज शासन से मांग की गई है कि मूंग खरीदी सीजन में भारी भ्रष्टाचार को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तर पर अस्थाई रूप से लोकायुक्त कार्यालय की स्थापना की जाए आज के धरना कार्यक्रम में संभागीय संगठन मंत्री दिनेश शर्मा प्रांतीय सदस्य सूरज बली जाट जिला अध्यक्ष देवेंद्र पटेल के साथ ही ललित सिंह चौहान हरीश वर्मा सुभाष साध खुमान सिंह विनोद चौरे प्रेम नारायण पटेल श्यामशरण तिवारी लाला पटेल रामेश्वर चौरे मोर सिंह राजपूत जगदीश कुशवाहा श्याम किशोर लवंशी श्री राम दुबे रूप सिंह राजपूत रतिराम यदुवंशी विनोद चौरे भागीरथ साहू चंद्रशेखर पाल अजय यादव आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### नगरपालिका अध्यक्ष ने जनकल्याण के लिए की भगवान से प्रार्थना

## भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का हो रहा जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रजा की कुशलता जानने के लिए भगवान की रथ यात्रा जारी नर्मदापुरम ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा पर शीतल पंच गव्य पदार्थो से महास्नान के बाद असवस्थ्य हुए भगवान जगन्नाथ अषाढ़ माह की शुक्ल पक्ष की प्रथम तिथि पर स्वस्थ्य होने के बाद अपने भक्तो अथवा प्रजा की कुशल जानने आ दर्शन रथ पर आरूढ होकर बहन सुभद्रा और भाई बलदाउ के साथ भ्रमण पर निकले। शतादिक वषो से परम्परा अनुसार अषाढ़ माह की शुक्ल पक्ष की द्वितीया तीथी पर नर्मदा तट स्थित सेठानी घाट के पास जगदीश मंदिर धर्मशाला से रथ यात्रा प्रारम्भ की गई। रथ यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए निर्धारित विश्राम स्थानों के पश्चात पुन जगदीश मंदिर धर्मशाला पहुंचेगी मंदिर के महत नारायणदास ने बताया कि जगदीश मंदिर में भगवान अपने सिंहासन पर आरूढ होगे और अपने भक्तो को दर्शन देंगे। जनकल्याण के लिए नपाध्यक्ष ने की प्रार्थना पिछले दो दिनो से शहर में भ्रमण कर रही भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए ग्वालटोली क्षेत्र स्थित काली मंदिर परिसर पहुंची। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नितु महेन्द्र यादव ने काली मंदिर परिसर में भगवान के दर्शन कर जनकल्याण की प्रार्थना की। इस अवसर पर पार्षद वंदना चुटिले सिमरन रेकवार बिंदिया माझी रेखा यादव आदि मोजूद रहे इस दौरान नपा अध्यक्ष श्रीमति यादव ने समस्त धर्म प्रेमियो से कम से कम एक पोधा रोपित करने का संकल्प लेने की बात कही।

### नपाध्यक्ष ने कहा एक पौधा अवश्य लगाएं

*भगवान जगन्नाथ, भाई बलदाऊ और बहन बहन सुभद्रा के साथ ग्वालटोली पहुंची रथयात्रा का मंगलवार को नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव और पार्षदगणों ने पूजन अर्चन किया। इस दौरान नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा जगत के पालन हार भगवान जगन्नाथ के समक्ष हाथ जोड़कर जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर उनके साथ पार्षदगण वंदना चुटीले, सिमरन रैकवार, बिंदिया मांझी, रेखा यादव और नरेंद्र पटेल मौजूद थे। काली मंदिर में दर्शन करने के बाद वहां उपस्थित महिलाओं से नपाध्यक्ष नीतू यादव ने कहा कि एक पौधा अवश्य लगाएं और पर्यावरण के संरक्षण में सहयोगी बनें। महिलाओं को महिलाओं के लिए नगरपालिका में संचालित योजनाओं की जानकारी दी।*



### इस्कान मंदिर से निकली रथ यात्रा



*नर्मदापुरम। आस्था का केन्द्र भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा का आयोजन शहर के इस्कान मंदिर के संचालकों द्वारा उत्साह के साथ प्रारंभ किया गया। मंगलवार को रथयात्रा शहर के हाऊसिंग बोर्ड क्षेत्र स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर मीनाक्षी चौक, सतरास्ता, इंदिरा चौक, एकता चौक से कोठी बाजार स्थित पीपल चौक पहुची। इस अवसर पर श्रृद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर मनवांछित फल की कामना की।*

## राज्य सभा सांसद नारोलिया ने रसूलिया में किया पौधरोपण




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत मंगलवार को राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने रसूलिया स्थित सोना मेमोरियल स्कूल में पौधरोपण किया। इस अवसर पर पं. दिनेश तिवारी, मनीष परदेशी, अमित महाला, पार्षद बंटी परिहार, पार्षद संतोष उपाध्यक्ष, संतोष मीना, संजीव मालवीय सहित जनप्रतिनिधि, स्कूल प्राचार्य और स्टॉफ व स्कूली बच्चें उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी स्कूली बच्चों ने पौधरोपण करने व उनसे संरक्षण का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप

### बोहरा समाज ने किया प्रिंस राठौर का स्वागत

**सीहोर** । वार्ड क्रमांक 34 में सी सी रोड के निर्माण कराने पर बोहरा समाज के जनाब आमिर साहब के नेतृत्व में बोहरा समाज ने नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर एवं क्षेत्रीय पार्षद सुदीप व्यास का गुलदस्ता एवं हार फूल माला से स्वागत किया इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि क्षेत्र में एवं नगर में विकास की कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी निरंतर विकास कार्य किए जाएंगे शहर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर शाकिर, हकीम , मुस्तफ़ा हुसैन अली, अक़बर, हातिम, मुर्तज़ा ने स्वागत किया ।

### जाति प्रमाण-पत्र बनवाने समग्र आईडी जरूरी

**सीहोर**। लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनबाने के लिए अब आवेदक की या परिवार की समग्र आईडी होना अनिवार्य किया गया है। जिले की तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर जाति के आवेदन क्रमशः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछडे.वर्ग, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ के मैन्युअल जाति के आवेदन मैन्युअल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मैन्युअल अन्य पिछडे वर्ग मैन्युअल विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ ब्लड रिलेशन जाति के आवेदन ब्लड रिलेशन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ब्लड रिलेशन अन्य पिछडे.वर्ग तथा ब्लड रिलेशन विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ पोर्टल पर लाइव कर दिया गया है।

### गैर घरेलू कनेक्शन के लिए स्वैच्छिक आवेदन करें

**सीहोर**। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि ऐसे उपभोक्ता जो अपने आवासीय परिसर में रेस्ट हाउस, गेस्ट हाउस, पेइंग गेस्ट या अन्य व्यवसायिक गतिविधियों जैसे कोचिंग क्लासेस, ब्यूटी पार्लर आदि चलाते हैं, उन्हें कंपनी ने सलाह दी है कि वे विद्युत वितरण कंपनी के संबंधित कार्यालय में जाकर अथवा कंपनी पोर्टल portal.mpcz.in अथवा UPAY app अथवा Urjas portal के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर अपने प्रयोजन को घरेलू से गैर घरेलू (व्यवसायिक) श्रेणी में परिवर्तित करवा लें। कंपनी ने उपभोक्ताओं से यह भी अपील की है कि उपभोक्ता ने जिस प्रयोजन के लिए कनेक्शन लिया है, उसी के अनुसार विद्युत का उपभोग करें। विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि के यदि किसी उपभोक्ता ने घरेलू (लाइट और फैन) का कनेक्शन लिया है तो वे केवल उस परिसर को निवास के रूप में उपयोग करें। उपभोक्ताओं से अपील है कि वे अपने कनेक्शन की जांच करा लें और जिस प्रयोजन के लिए कनेक्शन लिया गया है उसी के अनुसार अपने निकटतम कंपनी के जोन कार्यालय, वितरण केन्द्र, में संपर्क करें अथवा सही संयोजित विद्युत भार को दर्शाते हुए बिजली कंपनी के portal.mpcz.in पर जाकर आनलाइन अपना कनेक्शन प्रयोजन के अनुसार संबंधित टैरिफ श्रेणी के अनुसार परिवर्तित करा लें।

### तौल कांटे का पूजन कर मूंग खरीदी शुरू की



**भैरूंदा**। जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत लाडकुई में मूंग खरीदी शुरू की गई है। उपार्जन केंद्र पर सोमवार को तौल कांटे की पूजन कर खरीदी शुरू की। उपार्जन समिति के द्वारा लाडकुई के मां कृपा वेयर हाउस पर विधिवत पूजन कर शुभारंभ किया।इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि ने तौल कांटे का पूजन कर मूंग तुलाई शुभारंभ किया।इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, समिति प्रबंधक, कर्मचारी और जिला सहकारी समिति बैंक के कर्मचारी भी मौजूद रहे। मूंग खरीदी शीघ्र शुरू होने से किसानों को राहत मिली है।इस बार मूंग खरीदी का समर्थन मूल्य ₹8558 रुपए निर्धारित है। सरकार ने मूंग खरीदी के आदेश 24 जून से 31 जुलाई तक के जारी किए हैं।

## बडोरा चौक से हटाया था अतिक्रमण पर फिर से सड़क घेरकर कारोबार होने लगा,

# बडोरा चौक पर दो घंटे लगा जाम, स्कूल बसें, एंबुलेंस और सैकड़ों वाहन फंसे रहे



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

कलेक्टर भले ही जन समस्याओं को हल करने के लिए बेहद संवेदनशीलता से काम कर रहे हैं, लेकिन अमला इस ओर ध्यान नहीं रहा है। बडोरा को जाम से मुक्त करने के लिए कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बुलडोजर चलवा दिया था और सड़क के आसपास के अवैध कब्जे हटवाए थे। कार्रवाई हो गई और जनता ने कलेक्टर को साधुवाद भी दे दिया, लेकिन कुछ दिन बाद ही जनता प्रशासन को फिर कोसने लगी है। बडोरा चौक के आसपास फिर से सड़क घेरकर कारोबार होने लगा और जिम्मेदार अधिकारियों ने आंखें बंद कर रखी हैं। इसका ही नतीजा है कि हर दिन कई घंटे सदर के गेंदा चौक से लेकर बडोरा में बैतूलबाजार और आठनेर मार्ग तक जाम लग रहा है।

सोमवार को तो दर्जनों स्कूल बसें, एंबुलेंस और अन्य वाहन करीब दो घंटे तक जाम में फंसने के कारण खड़े रहे। जागरूक लोगों ने जब बैतूलबाजार थाना प्रभारी को जाम लगने की जानकारी दी, तब वे अपने स्टाफ के साथ पहुंचे और वाहनों की आवाजाही किसी तरह धीरे-धीरे प्रारंभ हो पाई। सोमवार को भी दो घंटे तक महाजाम लगा रहा, लेकिन यातायात पुलिस कहीं पर भी नजर नहीं आई। जब यातायात बहाल होने लगा, तब ओवर ब्रिज पर एक यातायात कर्मी रस्म अदायगी करते नजर आए।

### प्रशासन क्यों हो रहा नाकाम

लोगों का कहना है कि जन समस्या के प्रति सख्त रवैया अपनाने वाले कलेक्टर जिस मंशा से काम कर रहे हैं, उसे उनके ही जिम्मेदार अधिकारी आखिर पलीता क्यों लगा रहे हैं, यह खोज का विषय है। सदर के गेंदा चौक को बस चालकों ने अवैध रूप से बस स्टापेज का अड्डा बना दिया है। चौक से प्रारंभ होने वाला जाम, ओवर ब्रिज से होते हुए बडोरा चौक तक पहुंच जाता है। ओवर ब्रिज से बडोरा चौक, आठनेर मार्ग और बैतूलबाजार मार्ग के दोनों किनारों पर स्थित दुकानों के संचालकों द्वारा सड़क तक सामान, बोर्ड रखकर कारोबार किया जा रहा है। इससे यातायात हमेशा अवरूद्ध होता रहता है। यदि अतिक्रमण हटाने की मुहिम के दौरान दुकान के सामने तक की पूरी जगह बुलडोजर से समतल कर सड़क बना दी जाती, तो आवागमन सुगम हो जाता । बडोरा चौक पर फिर पुराने दिन लौट आए लगते हैं। बडोरा में बैतूलबाजार पुलिस का सहायता केंद्र तो है लेकिन यहां पर तैनात पुलिसकर्मी कभी भी यातायात अवरूद्ध होने पर सड़क पर नजर नहीं आते हैं। हद तो यह है कि पुलिस सहायता केंद्र के सामने सरकारी जमीन पर ही लोहा रखकर, व्यापारी कारोबार कर रहा है। सरकारी जमीन पर ही तौल कांटा स्थापित कर लिया गया है जिससे अक्सर लोहा नापने के दौरान वाहन खड़े रहते हैं।

## शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर लगेगी रोक, निर्धारित स्थानों पर खड़ी होंगी बसें



**बैतूल**। सोमवार को बडोरा में दो घंटे तक लगे मेगा जाम के बाद विधायक हेमंत खंडेलवाल ने मंगलवार को आनन-फानन में यातायात समिति की बैठक बुलाने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को अपना एजेंडा बताते हुए दो टूक शब्दों में कहा कि शहर में भारी वाहनों के आने-जाने का समय निर्धारित किया जाए। अतिक्रमण कर फल की दुकान लगाने वाले को तत्काल हटाकर उन्हें विस्थापित करें। विधायक ने अधिकारियों से कहा कि हर कहीं खड़ी होने वाली बसों पर जुर्माने की कार्रवाई नियमित रूप से हो। बैठक में जिला प्रशासन पुलिस और नपा के अधिकारी मौजूद थे। शहर में अतिक्रमण के अलावा बेतरतीब वाहनों की आवाजाही से व्यवस्थाएं चौपट हो गई है। लंबे समय से यह सिलसिला चला आ रहा है, लेकिन लोकसभा चुनाव के कारण व्यवस्थाएं पटरी पर नहीं आ पा रही थी। चुनाव निपटते ही जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी इसे दुरूस्त करने में लगे हुए है। मंगलवार को अमरवाड़ा उप चुनाव से फ्री होते ही वन्हा से लौटने के बाद बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने बाल मंदिर सभागृह में यातायात समिति की बैठक आहूत की।

### सादगी से विवाह संपन्न एक अनोखी पहल



**बैतूल**। वर्तमान समय में लोग दिखावे के लिए खर्चीली शादियों के चक्कर में कर्जा तक लेते हैं वही कानफोडू ध्वनि यंत्रों का उपयोग करते हैं जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान होता है। इस आडम्बर से दूर विकास नगर कॉलोनी में जेएच कॉलेज में प्राध्यापक डॉ.सुखदेव डोंगरे एवं शिक्षिका भागरती डोंगरे के निज-निवास में एक अनोखा विवाह संपन्न हुआ। जिसमें न डीजे, न बैंड बाजा, न पंडाल, न शामियाना, न सेहरा, न सूट-बूट, न लाइटिंग न घोड़ी, न बगगी, न मंडा, न पंडित, न बारात, न नाच गाना, न मैरिज लॉन और न रिंग सेरेमनी के सादगी के साथ डोंगरी दम्पत्ति की बेटी गुंजन डोंगरे का विवाह संस्कार 2017 में यूपीएससी उत्तीर्ण डॉ.राहुल गजभिये के साथ मात्र 50 परिजनों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। विवाह परिजनों की उपस्थिति में भारतीय संविधान की शपथ लेकर संपन्न हुआ। यह विवाह कोरोना काल के विवाह की याद दिलाता है तथा भारतीय समाज के लिए एक नया रास्ता दिखाने का कार्य करेंगा। मौजूद लोगों ने डोंगरे परिवार की इस पहल की मुक्त कंठ से सराहना की है।

### लकड़ी लेने के लिए गई थी महिला

## नदी के बीच बाढ़ में फंसी महिला ग्रामीणों ने रेस्क्यू कर बचाई जान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

सोमवार को तेज बारिश से नदी नाले उफान पर आ गए है। जिले के भीमपुर विकासखंड के खारीढाना में भी नदी में बाढ़ आ गई। इस बाढ़ में खारीढाना की एक महिला फंस गई, बीच नदी में फंसी महिला को ग्रामीणों ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए सुरक्षित बचा लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार खारीढाना निवासी साधना पति मिथिलेश उईके लकड़ी लेने गई थी। सोमवार को 3 से 4 बजे के बीच यह महिला खारीढाना के पास नदी में आई तेज बाढ़ के बीच फंस गई। समय रहते यह रेस्क्यू नहीं किया जाता तो बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया सकता था।

रेस्क्यू करने वाले ग्रामीणों में शामिल लक्ष्मीनारायण बनदिए उर्फ चिंटू ने बताया कि सोमवार को तीन से चार बजे के बीच खारीढाना में बच्चों ने महिला के नदी में बाढ़ के बीच फंसने की जानकारी दी। जिसके बाद ग्राम के नीलेश परते उर्फ डोमा कमर में रस्सा बांधकर नदी में उतर गया और महिला को बचाने रेस्क्यू को लीड किया।

### महिला को बाढ़ से बचाया

लक्ष्मीनारायण सहित गांव पप्पू धुर्वे, सुनील कुमरे, मनीष, गेंदराव बनधिए एवं लक्ष्मीनारायण उर्फ चिंटू बनधिए ने महिला को बाढ के बीच से सुरक्षित निकाला। गौरतलब है कि भीमपुर एवं आसपास के क्षेत्र में तेज बारिश नहीं हुई लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि उपरी क्षेत्रों में बारिश होने की वजह से भीमपुर क्षेत्र की इस बरसाती नदी में बाढ़ आ गई जिससे महिला बाढ़ के बीच फंस गई। प्रशासन द्वारा भी बारिश के दिनों में नदी-नालो और झरनों से दूर रहने के लिए चेतावनी दी जाती है।

## प्रूफ रेंज एरिया बढ़ने से झापड़ी के ग्रामीण परेशान



**शाहपुर**। मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत झापड़ी के लोग अपनी जमीन प्रूफ रेंज में आ जाने के कारण परेशान होकर मंगलवार को तहसील एवं एसडीएम कार्यालय ज्ञापन देने पहुंचे। दरअसल प्रूफ रेंज का एरिया ग्रामवासियों के दरवाजे तक पहुंच जाने के कारण परेशान हैं। उन्हें अपना जीवन यापन एवं भरण पोषण करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरपंच रामप्रसाद काजले ग्रामीण घनश्याम यादव और रामस्वरूप यादव के द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा लगभग पांच वर्ष पूर्व भी तहसील कार्यालय में आवेदन दिया गया था। परंतु आज तक कोई कार्रवाई न होने के कारण ग्रामवासी पुन इकट्ठा होकर तहसील कार्यालय अपनी समस्या को लेकर आए। उन्होंने तहसीलदार सुनैना ब्राह्मण को मुख्यमंत्री के नाम आवेदन देकर अपनी समस्या बताई । उनसे समस्या का निराकरण करने के लिए अनुरोध किया। अगर उनकी समस्या हल नहीं होती है। सांसद विधायक एवं कलेक्टर के पास भी अपनी समस्या रखेंगे इसके बाद भी समस्या का हल न होने पर मुख्यमंत्री को समस्या से अवगत कराएंगे।

# पत्नी को बात करने के बहाने बाहर बुलाया, केरोसिन डाला लगा दी आग

## 70 फीसदी से ज्यादा झुलसी महिला को किया भोपाल रेफर

पत्नी को जलाने वाला पति हिरासत में



**बैतूल**। सारनी थाना क्षेत्र के पाथाखेड़ा में सोमवार की रात दिल दहला देने वाली वारदात हुई, जिसमें पति ने पत्नी के ऊपर केरोसिन डालकर आग लगा दी। महिला को गंभीर हालत में घोड़ाडोंगरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां पुलिस ने उससे बयान लिए। इसके बाद महिला को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के बाद उसे गंभीर हालत को देखते हुए फिर भोपाल रेफर किया गया। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। सारनी एसडीओपी रोशन जैन ने बताया कि पायल दांगी उम्र 21 साल को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया था जहां घायल महिला ने बयान दिए कि उसके पति ने केरोसिन डालकर आग लगा दी। पायल बहुत ज्यादा झुलस गई । पुलिस ने रात में ही आरोपी पति चंद्रदेव बिहारी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### *एक साल पहले हुआ था प्रेम विवाह*

*पुलिस के मुताबिक आरोपी चंद्रदेव बिहारी के पिता सारणी की मठारदेव कालोनी में रहते हैं और चंद्रदेव बिहारी मंडीदीप में काम करता है और भोपाल के अशोका गार्डन में रहता है। एक साल पहले चंद्रदेव की पायल से शादी हुई थी। दोनों का अंतरजातीय प्रेम विवाह था और विवाह के कुछ दिनों बाद ही दोनों के बीच विवाद होने लगे और तीन माह पहले पायल ने अपने पति को छोडकर पाथाखेड़ा शिवाजी नगर में बुआ के घर रहने लगी थी।*

### *बात करने का बहाना बनाया*

*पुलिस जांच में पता चला है कि आरोपी चंद्रदेव अपनी पत्नी पायल से बात करने के लिए उसकी बुआ के घर गया था और उसने पायल को बात करने के बहाने बाहर बुलाया। इसके बाद उसने पायल के ऊपर केरोसिन डालकर आग लगा दी। इस घटना के बाद परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पायल को तत्काल उपचार के लिए घोड़ाडोंगरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। पुलिस ने हत्या के प्रयास मामला दर्ज कर लिया है।*

# दीवारों में पड़ रही दरारें, खिड़की के शीशे टूटे

## लोकार्पण के बाद भी शुरू नही हुआ खेड़ी का स्वास्थ्य केंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम खेड़ी सावलीगढ़ में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नवनिर्मित भवन के आस पास अभी से दरार पड़ना शुरू हो गई है । वही अस्पताल की खिड़कियों के शीशे भी असामाजिक तत्व तोड़ रहे है। अस्पताल परिसर में दिन भर असामाजिक तत्वों का डेरा लगा रहता है करोड़ो रुपए की लागत से निर्मित इस अस्पताल भवन में सुरक्षा के नाम पर कोई व्यस्था नही है। वाहन पार्किंग में ट्रेक्टर और



अन्य वाहन खड़े रहते है जिससे भवन की सुंदरता बिगड़ रही है अभी तो अस्पताल शुरू ही नही हुआ और निर्माण कार्य में खामियां दिखलाई दे रही है।

### डॉक्टर्स का इंतजार

खेड़ीसावलीगढ़ में क्षेत्र के हजारों लोगो को आसानी से चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने सामुदायिक स्वास्थ केंद्र भवन का निर्माण करने के बाद, आनन फानन में क्षेत्रीय सांसद दृ विधायक ने भवन का लोकार्पण भी कर दिया, लेकिन अब तक अस्पताल में चिकित्सा सेवाएं प्रारंभ नही की गई है। अब ग्रामीण सवाल ये कर रहे है कि लोकार्पण को चार माह हो गए अब तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ नही हुआ। इस विषय में कोई भी ऐसा जिम्मेदार नही है जो अस्पताल को शुरू करने कार्यवाही करे। बहरहाल ग्रामवासी राह देख रहे है सेवा शुरू होने से क्षेत्र के ग्रामीणों और खेड़ीवासियों को इसका लाभ मिल सकेगा।

### इनका कहना

*अस्पताल शुरू होने में वक्त लग रहा है डॉक्टरों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है जैसे ही डॉक्टर की भर्ती होगी। बजट आते ही अस्पताल शीघ्र ही शुरू होगा।*

**रविकांत उइके**, सीएमएचओ बैतूल

# सर्वधर्म दरगाह कमेटी मनाएगी छठी शरीफ होगी कव्वाली, बांटा जाएगा तबर्रूक प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



ख्वाजा गरीब नवाज की तर्ज पर हजरत दूल्हा बादशाह बाबा की दरगाह पर आगामी इस्लामी 6 तारिख के मुताबिक शनिवार 13 जुलाई को छठी शरीफ मनाई जाएगी।

मुबारक छठी शरीफ की तैयारियों को लेकर रविवार को सर्वधर्म दरगाह कमेटी अध्यक्ष रिजवान पठान की अध्यक्षता में दूल्हा बादशाह बाबा दरगाह परिसर में बैठक आयोजित की गई। कमेटी सचिव नौशाद खान ने बताया कि वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, पूमर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय, विधायक सुदेश राय के विशेष सहयोग से छठी शरीफ मनाना शुरू किया गया है। अजमेर ख्वाजा गरीब नवाज की तर्ज पर इस्लामिक महीने की हर 6 तारीख को छठी शरीफ मनाई जा रही है। छठी शरीफ के दौरान शुद्ध शाकाहारी तबर्रूक प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। छठी शरीफ में हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई सभी संप्रदाय जाति वर्ग के नागरिक सम्मिलित हो रहे है। शनिवार दोपहर में दरगाह पर परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आहवान पर एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया जाएगा जिस के बाद रात को कव्वाल कासम साबरी, तारिख मियां अपने कलाम पेश करेंगे। बैठक में कमेटी अध्यक्ष रिजवान पठान, सचिव राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ प्रदेश अध्यक्ष नौशाद खान,खदीम अनवर शाह बाबा आदि मौजूद थे।

### सर्वाधिक राजस्व के प्रकरण, जमीन के विवाद व कब्जा करने के मामले

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने 180 प्रकरणों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

अपर कलेक्टर (विकास) एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन ने मंगलवार को जनसुनवाई में 180 प्रकरणों पर कार्रवाई के निर्देश प्रदान किए। जनसुनवाई में सर्वाधिक राजस्व के प्रकरण प्राप्त हुए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद, एसडीम राजीव कहार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में घोड़ाडोंगरी तहसील के ग्राम शक्तिगढ़ निवासी कृषणपद पिता शिवराम ने आवेदन के माध्यम से बताया कि ग्राम शक्तिगढ़ में स्थिति कृषि भूमि पटवारी हल्का नंबर 5 एवं खसरा नंबर 105.1, रकबा 0.8270 हे., 194.1 रकबा 0.0950 हे., 520.1 रकबा 0.1580 हेक्टेयर पर कृषि कार्य करते थे। उक्त कृषि भूमि पर



बड़े भाई के बेटे सूरज पिता सदानंद, आकाश पिता सदानंद, मैना पिता सदानंद, आयना पितां सदानंद, ज्योत्सना पिता सदानंद, ईसामत पिता सदानंद के द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। आवेदक ने बताया कि उन्होंने खेती के लिए लोन लिया है और बोनी करने के लिए खाद भी ली है। यदि बोनी नहीं करेंगे तो लोन नहीं चुका पाएंगे। आवेदक ने जांच कर भूमि से अवैध कब्जा हटवाने का आग्रह किया।

### 61 हजार रुपए दिलवाने की मांग

आठनेर के ग्राम धामोरी निवासी रामदेव पिता रामा चरपे ने बताया कि उन्होंने 3 वर्ष पूर्व आठनेर निवासी बुद्धु राठौर को सोयाबीन बेची थी, जिसकी कीमत 86 हजार रूपए थी। आवेदक ने बताया कि बुद्धु राठौर द्वारा सोयाबीन की राशि उन्हें नहीं दिए जाने पर आठनेर थाना में शिकायत दर्ज की गई थी। शिकायत के बाद 25 हजार रूपए दिए। परंतु शेष बचे 61 हजार रूपए आज दिनांक तक नहीं दिए गए। पैसे मांगे जाने पर राठौर के द्वारा धमकी दी जा रही है। आवेदक ने बुद्धु राठौर से 61 हजार रूपए दिलवाए जाने की गुहार लगाई। आवेदन पर अपर कलेक्टर (विकास) जैन ने भैंसदेही एसडीएम को आवेदन की जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए।

### नौकरी दिलाने की लगाई गुहार

जनसुनवाई में घोड़ाडोंगरी के ग्राम चिखली माल निवासी पूनम विश्वकर्मा ने नौकरी दिलवाए जाने की गुहार लगाई। आवेदन के माध्यम से बताया कि व्यापम वर्ग-3 की परीक्षा उन्होंने 90 नंबर के साथ पास की थी। चयनित लिस्ट में उनका नाम नहीं था। जबकि वे विकलांग कोटे से है। नौकरी नहीं होने से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### गांव की मुख्य सड़क पर शुरू हुआ नाली निर्माण कार्य

**सीहोर**। जनपद पंचायत सीहोर के अंतर्गत आने वाले ग्राम मुहाली के मुख्य मार्ग के दोनों ओर नाली नहीं होने से ग्राम वासियों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। गांव का गंदा पानी रोड पर बहता था, जिससे रोड फिसलन भरी हो जाती थी और हादसा होने का डर बना रहता था।

मुख्य सड़क होने के कारण ग्रामीणों का यहीं से आवागमन होता है। नाली निर्माण नहीं होने के कारण रोड पर पानी आता था और सड़क फिसलन भरी हो जाती थी, जिससे आए दिन हादसे होते रहते थे। सड़क के दोनों ओर नाली के निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने मांग की थी, जिसके बाद रविवार से यहां नाली निर्माण का कार्य शुरू हो गया। सरपंच महेश चंद्रवंशी ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के इस सड़क का कार्य किया गया है, नाली निर्माण नहीं होने के कारण बारिश में यहां जल भराव होता था, वहीं अब यहां नाली निर्माण कराया जा रहा है।

## समस्याओं को समाधान करवाने के लिए 12 लोगों ने दिए आवेदन

# जनसुनवाई : नगर अध्यक्ष ने कबाड़ा हटाने एसडीएम से लगाई गुहार

जनसुनवाई में 12 अवेदकों ने अपनी समस्या के समाधान के लिए प्रशासन से गुहार लगाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



मंगलवार को जनसुनवाई में 12 आवेदन दिए गए जिसमें एक अनवर पिता स्वर्गीय शेख पता अंबेडकर वार्ड द्वारा प्रधानमंत्री आवास की किस्त का भुगतान कराने हेतु आवेदन दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास स्वीकृती की 180 की सूची है उस सूची में से अधिकांश लोगों को किस्त का भुगतान नगर परिषद द्वारा कर दिया गया है। परंतु मेरे द्वारा तीन-चार माह से नगर परिषद कार्यालय के चक्कर लगा रहा हूं, परंतु आज तक मुझे किस्त की राशि प्रदान नहीं की गई। हेमंत पालीवाल ओमप्रकाश पालीवाल निवासी ग्राम सौंसार खेड़ा के द्वारा आवेदन दिया गया कि हमारे ग्राम में प्राचीन माता मंदिर एवं कुआ है इसमें गांव के राजेश पिता बलराम पटेल द्वारा अतिक्रमण करते हुए पक्का निर्माण कर लिया गया है। इस संबंध में प्रार्थी के द्वारा पूर्व में ग्राम पंचायत में भी एवं जी के समक्ष 30 मई 23 को एक आवेदन जनसुनवाई में दिया गया था परंतु 1 वर्ष बीतने के बाद भी आज दिनांक कार्रवाई नहीं की गई जिससे की राजेश बल्द बालाराम गुर्जर को पूर्ण प्रोत्साहन प्राप्त होने पर और शासन द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्रवाई न किए जाने के कारण राजेश द्वारा पक्का अतिक्रमण को पूरा कर लिया गया है। इस संबंध में ना तो जी के द्वारा कुछ किया जा सका है और ना ही ग्राम पंचायत के पदाधिकारी के द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्रवाई की गई है जिससे कि अतिक्रमणकारियों की हौसले इतने बुलंद हो जाते हैं।

तीसरा आवेदन ग्राम पंचायत कलमेसरा विकासखंड सोहागपुर के सरपंच मनीराम मेहरा के विषय में दिया गया जिसमें कहा गया कि सरपंच मनीराम मेहरा जब से चयनित हुए हैं तब से बहुत भ्रष्टाचार कर रहे हैं। प्रत्येक निर्माण में भारी कमीशन की मांग करते हैं। तथा गुणवत्ता विहीन कार्य कर रहे हैं, रोजगार गारंटी योजना में रोजगार सहायक विजय कुशवाहा को अपने परिजनों के नाम मास्टर रोल मे लिखने की बोलते हैं, और कहते हैं, नहीं तो तेरी शिकायत जिला पंचायत एवं कलेक्टर ऑफिस में करूंगा। सरपंच मनीराम मेहरा जॉबकार्डधारी मजदूरों को रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत रोजगार प्रदान नहीं कर रहे हैं

ग्राम रोजगार सहायक के कहने पर उनकी झूठी शिकायत कलेक्टर का जिला पंचायत में कर रहे हैं पीएम आवास हितग्राहियों के मस्टरोल पर हस्ताक्षर नहीं किया जा रहे जिससे हितगाहियों को मजदूरी की राशि नहीं भुगतान हो पा रही है। हीरालाल वल्द मंसाराम निवासी बारंगी के द्वारा आवेदन दिया गया कि मेरे भाई तुलाराम की पत्नी सुकून बाई एवं पुत्र अशोक एवं मेरा छोटा भाई धर्मदास द्वारा मुझे मेरी जमीन पर आने जाने और अन्य कामों के लिए रोकथाम करते हैं हम सभी के नाम पर एक 203 नंबर बाड़ा है जिस पर हम तीनों भाई काबिज हैं परंतु आज दिनांक तक हम लोगों का बंटवारा इस वाडे पर नहीं हुआ है परंतु मेरे छोटे भाई और उसकी पत्नी एवं बच्चों के द्वारा उक्त वाडे को अपने हिसाब से अपने पास रख लिया गया है और मेरे आने जाने के रास्ते को बंद कर दिया गया जिसके कारण मुझे आने-जाने और अपने दैनिक कार्यों में बहुत ही असमर्थता महसूस हो रही है। वही एक आवेदन नगर परिषद सोहागपुर के द्वारा दिया गया जिसमें शासकीय भूमि पर कबाड़ा रखकर अतिक्रमण करने की बात कही गई सोहागपुर नगर में स्थित अफरोज खान बल्द हफीज खान निवासी रामगंज के द्वारा रामगंज वार्ड में स्थित सरकारी कुआ बंद करके उस पर कबाड रख दिया गया है तथा सामने की सरकारी भूमि पर कबाड़ा का संग्रह किया जाता है। इसी तरह रफीक पिता हफीज खान निवासी मातापुरा वार्ड एवं लुकमान खान पिता रहमान खान निवासी किलापुरा वार्ड द्वारा अनाधिकृत रूप से बिना किसी सक्षम अनुमति के शासकीय भूमि पर कबाड़ा रख अतिक्रमण किया गया इसके कारण मुख्य मार्ग से होने से स्कूली बच्चों को आटो एवं दोपहिया वाहनों के निकलने में कठिनाई उत्पन्न होती है तथा दुर्घटना की संभावना बनी हुई है और पूर्व में भी इन अतिक्रमण कारियों को सड़क पर से हटाये जाने के संबंध में नगर परिषद द्वारा नोटिस जारी किए गए थे पूर्व में भी इनको नगर परिषद द्वारा हटाया गया था। इस संबंध में एफआईआर भी की गई परंतु उनके द्वारा किया गया अतिक्रमण आज दिनांक यथावत है भविष्य में दुर्घटना की संभावना को देखते हुए उक्त अतिक्रमण को हटाए जाने का कष्ट करें तथा शासन के अभियान के अंतर्गत भूमि को रिक्त कराया जाकर वृक्षारोपण कराये जाने का अनुरोध है।

# बाजार क्षेत्र में गंदगी व शौचालय की अव्यवस्था देख सभापति हुए नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नगर पालिका परिषद में स्वास्थ्य विभाग के सभापति राकेश जाधव ने मंगलवार को बाजार क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। बाजार क्षेत्र में 4 कर्मचारी अनुपस्थित मिलने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

वार्ड जमादार को फटकार लगाते हुए कहा की सफाई व्यवस्था में लापरवाही न करें, जो भी कर्मचारी बिना सूचना के गैरहाजिर मिले, उसे नोटिस जारी करो। बरसात के समय किसी भी जगह जलभराव होने पर तत्काल समस्या हल करें, कीटनाशक दवा का छिड़काव करने के निर्देश दिए। सभापति ने पुराने फल बाजार में स्थित शौचालय का निरीक्षण किया और यहां अव्यवस्था देख नाराजी व्यक्त की।

निरीक्षण के दौरान शौचालय को गोडाउन बना रखा था जिससे तत्काल खाली कराया साथ ही सफाई व्यवस्था, लाइट, दरवाजे रिपेयर करने के निर्देश दिए। जाधव ने कहा यहां मौजूद कर्मचारियों से नागरिकों के प्रति अपना व्यवहार सुधारने और विनम्रता बात करने को कहा। उन्होंने कहा कि इसे अंतिम चेतावनी समझें, वरना ठेका निरस्त किया जायेगा। इस मौके पर स्वास्थ विभाग से स्वदेश महोविया, कमलकांत बड़गोती, जगदीश पटेल मौजूद थे।

# महिला मंडल ने श्रीजी कृपा गोशाला में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

श्रीजी कृपा गोशाला न्यास कॉलोनी में मंगलवार को पंचवटी सुंदरकांड महिला मंडल चामुंडा चौराहा गांधीनगर की सदस्यों ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर गायों के चारे के लिए 3700 रुपए गो सेवा स्वरूप भेंट किए।

इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने कम से कम एक पौधा रोपित करने और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। सदस्यों ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि स्वस्थ्य जीवन के लिए हर भरे पेड़ जरूरी हैं।

इस पुण्य कार्य में अनिता तिवारी, सीमा भदौरिया, पुष्पा मौर्या, हेमा गुप्ता, अंजलि नगाइच, सुधा वाजपेई, सुषमा यादव, अनिता राठौर, आरती मालवीय, उषा यादव, दीपा चौधरी, ममता नगाइच, गायत्री, रानी मनवारे आदि अनेक सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा वृक्ष लगाए जाने से होने वाले फायदे के बारे में सभी को अवगत कराया। महिला मंडल ने आगामी समय में भी इसी प्रकार शहर में पौधरोपण कर शहर को हरा-भरा करने में अपना योगदान प्रदान करने का संकल्प लिया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से 2 युवक घायल

**इटारसी।** नेशनल हाईवे 46, लाल रपटा के पास केसला में एक मोटर साइकिल पर सवार दो युवक



हादसे में बुरी तरह से घायल हो गये हैं। बताया जाता है कि उनको अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। सूचना मिलने पर राहगीरों की मदद से एम्बुलेंस 108 और डायल -100 के प्रेम बडोले, ग्राम रक्षा समिति के कन्हैया दामले ने ले जाकर सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है। युवक कौन हैं, और हादसा कैसे हुआ इसके विषय में अभी जानकारी नहीं मिल सकी है।

# शांति समिति की बैठक में सद्भाव से पर्व मनाने का किया निर्णय



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

मोहर्रम की त्योहार को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी के नेतृत्व में रखी गई। थाना प्रभारी उमाशंकर यादव ने मोहर्रम त्योहार से संबंधित सभी कमेटियों से भी शांति समिति बैठक में चर्चा की और सुझाव भी मांगे।

## आसमानी बिजली गिरने से हुई युवक की मौत

**सोहागपुर।** सोमवार शाम को क्षेत्र में तेज आंधी और बिजली की चमक के साथ बारिश हुई इस दौरान ग्राम नगतरा में बिजली गिरने से एक 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना सोमवार शाम 4:30 बजे की बताई जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नगतरा के एक खेत मे 19 वर्षीय युवक विनोद उइके की मौत हो गई। घटना के बाद खेत के मलिक मोहनलाल शर्मा पिता बेनी प्रसाद ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मृतक युवक के शव का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया। वहीं मामले में मर्ग कायम कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

# धर्मांतरण और अतिक्रमण के खिलाफ भाजपा ने दिया थाना परिसर में धरना

## भाजपा नेताओं के साथ हिंदू समाज ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



सर्व हिंदू समाज के आह्वान पर मंगलवार को भारतीय के पदाधिकारियों ने आज केसला थाना के सामने प्रशासन के कथित भेदभावपूर्ण रवैये के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर ग्रामीण क्षेत्र में भोले वाले आदिवासियों को जबरदस्ती धर्मांतरण कराने का विरोध किया।

आंदोलनकारी भाजपा पदाधिकारियों की मांग है कि केसला विकासखंड के ग्राम सुखतवा और केसला में एक समुदाय विशेष के आवासों के वैधानिक दस्तावेजों की जांच एवं सत्यापन अविलंब किया जाए। केसला विकासखंड के ग्राम सुखतवा एवं केसला में उक्त समुदाय को शासन अथवा पंचायत द्वारा आवंटित आवासीय पट्टों की जांच करते हुए उनकी पात्रता की जांच की जाए। उक्त पट्टे तत्काल निरस्त किए जाएं, इस समुदाय के बीपीएल कार्डो की वैधानिक जांच की जाए। केसला विकासखंड में सड़कों के किनारे और सुखतवा में संचालित मीट की अवैध दुकानें तत्काल हटाई जाएं। केसला थाने के अंतर्गत निवासरत उक्त समुदाय के असामाजिक तत्वों के पुलिस रिकार्ड के आधार पर इनके विरुद्ध कठोर एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाई अविलंब की जाए। ग्राम केसला, सुखतवा, भरगदा एवं अन्य स्थानों पर समुदाय विशेष द्वारा अतिक्रमण की गई शासकीय भूमि एवं संपत्ति को अविलंब अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए। भाजपा नेता शैलेंद्र दीक्षित ने बताया कि केसला ब्लॉक में समुदाय विशेष के लोगों द्वारा धर्मांतरण कराने,सरकारी जमीनों के साथ आदिवासियों की जमीनों पर अवैध कब्जा, गुंडागर्दी करने के बढ़ते मामलों को देखते हुये सर्व हिन्दू समाज एवं भाजपा सगठन द्वारा केसला थाने में धरना दिया गया।भाजपा संगठन पदाधिकारियों ने प्रशासन पर भी गंभीर आरोप लगाये। मंच से भाजपा सगठन पदाधिकारियों ने कहा कि केसला को पाकिस्तान नही बनने देंगे। प्रशासन के खिलाफ भाजपा नेताओं एवं सर्व हिन्दू समाज के लोगो ने जमकर नारेबाजी भी की। मौके पर पहुंचे एसडीएम टी प्रतीक राव को एक ज्ञापन भी दिया। नेताओ ने प्रशासन को चेताया भी की अगर इस ज्ञापन पर गंभीरता से कार्यवाही नही की जाती है,तो बड़े स्तर पर भाजपा आंदोलन भी करेगी। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र दीक्षित, मृगेंद्र सिंह मंडलोई, दीपक हरिनारायण अग्रवाल, संदेश पुरोहित भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी,राजा तिवारी शिवकिशोर रावत, अनिल बुंदेला, केसला जनपद अध्यक्ष गंगाराम कमले जोगिंदर सिंह, आशुतोष शरण तिवारी राजेश तिवारी, अजय बाजपेई रामकिशोर यादव अजय साहू सुनिलबाबा ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## मूंग की तुलाई की मांग पर दिए निर्देश

**पिपरिया।** मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी की जा रही है लेकिन ग्राम पंचायत खापरखेड़ा के खरीदी केंद्र पर जो की खबरिया रोड पर बनाया गया है माधवन वेयरहाउस में खरीदी की जा रही है वेयर हाउस के संचालक दिलीप सिंधी के द्वारा नमी अधिक होने का कहकर मूंग की धुलाई नहीं की जा रही है जिसके कारण किसान परेशान हो रहे हैं इसी तरह से ग्राम मशेरा में भी सहकारी समिति मूंगफली केंद्र पर किसान हफ्तों से मूंग डाले हुए हैं लेकिन तोले नहीं हो रही है इस बात को लेकर किसानों ने भाजपा नेता सतपाल पलिया से शिकायत की सतपाल पलिया ने खरीदी केंद्र पर ही चौपाल लगाते हुए जनसुनवाई की।

# 8 करोड़ की लागत से बन रही सड़क, कीचड़ से परेशान ग्रामीणों ने जनसुनवाई में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत तरोन कला की लगभग एक दर्जन महिलाओं ने जनसुनवाई में तहसीलदार वैभव बैरागी को एक आवेदन सौंपा जिसमें बताया गया है कि ग्राम तरुण कला से होकर नहर वाडा बनवारी मोकलवाड़ा सिमारा ग्रामों को जोड़ने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में सड़क का निर्माण किसी बाहर के ठेकेदार के द्वारा किया जा रहा है। लेकिन निर्माण अधीन सड़क पर दो-तीन फीट के गड्ढे हो गए हैं पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है ग्राम की महिला हेमंत पटेल गीत राजेश सुशीला जमुना बाई गोविंद मेहरा पूजा मेहरा दीपेश अरविंद कुशवाहा लाल सिंह सरदार सिंह मनीराम सहित आधा दर्जन महिलाओं ने यह आवेदन सोफा है जिसमें उन्होंने कहा है कि तरुण कला के वार्ड नंबर 1 में लगभग 500 परिवार सड़क के किनारे निवास करते हैं जहां पर बरसों से कीचड़ नहीं थी लेकिन अब कीचड़ एवं गड्ढों की करें परेशान है जिसके कारण स्कूल को आने जाने वाले बच्चों को काफी असुविधा सड़क लगभग 20-25 ग्रामों को जोड़ती है बार-बार शिकायत करने के बाद भी किसी प्रकार की सुनवाई नहीं हो रही है। इस बात को लेकर महिलाओं ने ज्ञापन सौंपा है वहीं पर उन्होंने कहा कि उक्त सड़क की कीचड़ को हटाकर मिट्टी डाल दिया जिससे बारड वासी आवागमन कर सकें। इस बात को लेकर एसडीओ पीके शर्मा लोक निर्माण विभाग से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत के द्वारा कच्ची नाली खुदवा दी गई है इसका मटेरियल भी सड़क पर डाल दिया गया है जिसके कारण वहां पर कीचड़ मची हुई है अभी मशीन से कीचड़ साफ उठवा कर उसकी दूसरी जगह डाला जा रहा है शीघ्र ही शेष और उठवा कर हटा दिया जाएगा।

# मुख्य मार्ग पर जाम लगना हुआ आम प्रशासन नही खोज पाया समाधान

## जाम की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन के साथ आम सहयोग भी जरूरी : रावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर



शोभापुर में जाम लगने की समस्या से राहगीरों को दिन में कई कई बार जूझना पड़ता है। शोभापुर के भटगांव रोड के सामने मुख्य मार्ग पर अब आम बात हो गई है लेकिन स्थानीय प्रशासन इस विकट समस्या का कोई हल नही खोज पाई है। स्थाई हल की बात तो दूर की बात है जाम लगने के बाद घंटो सड़क पर फंसे रहते है लेकिन स्थानीय पुलिस यातयात बहाल करने भी नही आ पाता है। जाम लगने की मुख्य समस्याओं में रोड किनारे वाहन खड़ा करना होता है। तो अस्थाई दुकानदारों को अनेकों समझाइश के बाद भी उनकी दुकानें बेखौफ सड़क किनारे ही लगती है। दुकानदारों और राहगीरों द्वारा फैलाई अव्यवस्था के कारण बस स्टैंड से लेकर राम लीला प्रांगण के पास तक अधिकांशतः जाम लगता ही है। जाम में फंसे लोगो को नही मिलती कोई प्रशासनिक मदद जाम में लोग फंसे रहेंगे और स्वतः जाम खुलने का इंतजार करते रहेंगे लेकिन यातायात बहाल करने कोई पुलिस कर्मी तक नही आता है। चौकी प्रभारी गैर जिम्मेदाराना ड्यूटी चिंता का कारण बनी पुलिस रिकार्ड के अनुसार शोभापुर क्षेत्र संवेदनशील माना जाता है। और ऐसे में पुलिस बल कम बताने वाली पुलिस की चौकी प्रभारी ही चौकी से अधिकांश नदारद रहती है।

ग्रामीणों के अनुसार कोई फरियादी यदि सुबह उम्मीद करें कि उसकी सुनवाई हो जायेगी तो उसे निराश होना पड़ेगा क्योंकि चौकी प्रभारी ने जबसे प्रभार लिया है उनके आने का समय दोपहर के बाद ही होता है कभी कभी तो शाम के 4 के बाद ही चौकी आती है। ऐसे में कैसे अस्थाई दुकानदारों और सड़क पर वाहन खड़े करने वालों पर कार्यवाही हो ? वहीं इस संबंध में एसडीएम बृजेन्द्र रावत का कहना है कि जाम न लगे इसके लिए, समाज और प्रशासन बराबर सहयोगी बने। एसडीएम ब्रजेंद्र रावत से जाम लगने की समस्या पर बात की तो समस्या के सकारात्मक सोच को रखते हुए कहा कि जितनी जवाबदारी प्रशासन की है उससे अधिक आम जनता और मीडिया की भी जवाबदारी है। वाहन खड़ा करने से पहले आम आदमी सोचने पर मजबूर हो इसके लिए जन प्रतिनिधि, मीडिया के लोगो को खुद के वाहन व्यवस्थित पार्किंग पर खड़े करने होंगे तो वहीं उन्होंने पशु बाजार में पार्किंग को लेकर कहा सीईओ संजय अग्रवाल के माध्यम से व्यवस्था बनवाएंगे।

## देवी दर्शन यात्रा का 49वां वर्ष पूर्ण, ट्रेन से रवाना होंगे भक्त

# मां वैष्णो के दर्शन करने 5 सौ तीर्थयात्री जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इस वर्ष 13 जुलाई को लगभग पांच सौ श्रद्धालु त्रिकूट पर्वत पर विराजीं माता महालक्ष्मी, महाकाली, महासरस्वती (मां वैष्णो) के दर्शन करने कटरा जाएंगे। ये सभी यात्री इटारसी रेलवे स्टेशन से सुबह 6:50 बजे झेलम एक्सप्रेस से रवाना होंगे। इससे पूर्व दुर्गा चौक स्थित दुर्गा मंदिर से मां की एक शोभायात्रा भी निकाली जाती है। विगत 48 वर्षों से मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए भक्तों का जत्था जाता है। यह 49वे वर्ष की धार्मिक यात्रा रहेगी। तीर्थयात्री ट्रेन की एक बोगी में दरबार सजाते और दोनों वक्त आरती करते, प्रसाद वितरण तथा भजन-कीर्तन करते यात्रा करते हैं।

### पांच सौ तीर्थयात्री होंगे रवाना

यह यात्रा दुर्गा चौक समिति के बैनर तले जत्था प्रभारी सतीश बतरा के मार्गदर्शन और जतिन बतरा के नेतृत्व में होती है। इस वर्ष यात्रा में शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से करीब 500 भक्त शामिल हो रहे हैं। पिछले 48 वर्षों में अब तक 25 हजार से अधिक भक्त माता वैष्णो देवी के दर्शन करने जा चुके हैं, इनमें इटारसी एवं आसपास के अलावा नर्मदापुरम के तीर्थयात्री भी जाते हैं। इस वर्ष भी नर्मदापुरम के तीर्थयात्री इस यात्रा में शामिल हो रहे हैं।

### पंद्रह सौ लोगों का भंडारा होगा

जतिन बतरा ने बताया कि पिछले साल से समिति ने एक नयी व्यवस्था प्रारंभ की है, इसके तहत कटरा में भक्तों के लिए भंडारा भी आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष भंडारा 14 जुलाई को होगा, जिसमें करीब पंद्रह सौ श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था रहेगी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी माता वैष्णो देवी के दरबार में इटारसी से भक्त हाजिरी लगाने पहुंचेंगे। इस वर्ष यह यात्रा इटारसी से 13 जुलाई को रवाना होगी।

### वर्ष 1978-79 में शुरुआत

पहले वर्ष माता दर्शन को जाने वाले सतीश बतरा, अन्नू गुप्ता, बृजमोहन सैनी, रमेश भार्गव और मालवीय गुरुजी ने यात्रा शुरू की थी। अब हर वर्ष भक्तों का जत्था जाता है। ट्रेन में श्रद्धालुओं के लिए सुबह का नाश्ता, दोपहर का भोजन, रात का भोजन और अगले दिन सुबह के नाश्ते की व्यवस्था समिति की तरफ से की जाती है। वर्ष 1978-79 में पांच लोगों ने माता वैष्णो देवी के दर्शनों की परंपरा शुरू की थी, फिर हर साल वैष्णो देवी जाना शुरू हो गया और संख्या बढ़ती रही। जम्मू के कटरा में त्रिकूट पर्व पर आदिशक्ति स्वरूप महालक्ष्मी, महाकाली तथा महासरस्वती पिंडी रूप में त्रेता युग से एक गुफा में विराजमान हैं और माता वैष्णो देवी स्वयं यहां पर अपने शाश्वत निराकार रूप में विराजमान हैं।

## परिवार परामर्श केंद्र बंद होने से लोग परेशान

**पिपरिया।** मध्य प्रदेश शासन पुलिस विभाग के द्वारा परिवार परामर्श केंद्र का संचालन लंबे समय से किया जा रहा था। नगर की प्रतिष्ठित महिलाओं के द्वारा निशुल्क सेवा की जा रही थी जिनके माध्यम से परिवारों को बिछड़ने से बचाया जा रहा था। लेकिन देखने में आ रहा है कि लगातार 7 माह से पुलिस प्रशासन के द्वारा परिवार परामर्श केंद्र बंद कर दिए गए हैं जबकि समिति के द्वारा कई बिक्री परिवारों को समझा बूझकर आपस में मिलाया जाता था जिसमें निशुल्क परामृष्टीय अपना मूल्य समय निकालकर यह सेवा करते आ रही थी। लेकिन वर्तमान में कई गरीब परिवार पैसे के अभाव से न्यायालय में नहीं जा पा सकते थे वह वकील नहीं कर सकते थे इसलिए वह परिवार परामर्श केंद्र में आकर अपना निपटारा करना चाहते थे।

## पौधरोपण अभियान का शुभारंभ

**इटारसी।** पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए अभियान एक पेड मां के नाम, से इटारसी नगरपालिका भी जुड गई है। आज अभियान से प्रेरणा लेकर नगरपालिका परिषद इटारसी के अध्यक्ष पंकज चौरे ने खेडा पर हाईवे किनारे 30 पौधे लगाए। साथ में सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए।

आवश्यकता है हरिभूमि
रिपोर्टर, कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, भारत पेपर मार्ट के ऊपर
कोठी बाजार, नर्मदापुरम- 9406929830

## खबर संक्षेप

### फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**हरदा।** जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के वार्ड नंम्बर 11 में रहने वाले एक 23 वर्षीय युवक ने फांसी के फंदे पर झूलकर खुदकुशी कर ली। मंगलवार को मृतक के शव का पीएम कर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गणेश मंदिर के पास फुल्की का ठेला लगाने वाला अंकित पिता राजेश सकतपुरिया उम्र 23 साल बीती रात को अपने परिवार के सदस्यों के साथ किसी सामाजिक बन्धु के यहां शादी के कार्यक्रम में शामिल होने गया था। वहां से लौटकर वह अपने कमरे में जाकर सो गया। सुबह जब उसकी मां ने बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए उठाने के लिए गई तो वह फांसी के फंदे पर लटका दिखाई दिया। इसके बाद उन्होंने अपने घर के लोगों को आवाज देकर बुलाया। बताया जा रहा है कि मृतक की दो साल पहले नौसर में शादी हुई थी। जिसके बाद उसकी तीन महीने की एक बेटी है। लेकिन पति पत्नी के बीच आपसी मनमुटाव के चलते वह अपने मायके चली गई थी। ऐसा अनुमान लगाया गया है कि सम्भवतः इसी बात से दुखी होकर उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**हरदा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम पलासनेर के पास नर्मदापुरम-खंडवा स्टेट हाईवे पर सोमवार रात को सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मंगलवार सुबह जिला अस्पताल में मृतक के शव का पीएम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम केलनपुर का रहने वाला प्रवीण राजपूत(45) बीती रात हरदा से बाजार करने के बाद अपने गांव लौट रहा था। इस दौरान उसकी बाइक को कडोला ओर पलासनेर के बीच माखनभोग ढाबे के पहले किसी तेज रफ्तार वाहन टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। हादसे में युवक को गम्भीर चोट लगने के चलते उसकी घटना स्थल से राहगीरों की मदद से एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर शव को पीएम के लिए मर्चुरी में रखवाया गया। बताया जा रहा है कि मृतक स्कूल बस चलाने का काम करता था। जिसके दो बेटे और एक बेटी है। हादसे के बाद पूरा परिवार सदमें आ गया है।

### 24 घंटों में जिले में 15.5 मिमी औसत वर्षा

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 15.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 2.5 मि.मी., टिमरनी में 11.4 मि.मी., खिरकिया में 46.8 मि.मी., रहटगांव में 6.2 मि.मी. व सिराली में 11 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 172.5 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 205.8 मि.मी., टिमरनी में 122.2 मि.मी, खिरकिया में 134.8 मि.मी., रहटगांव में 226.2 मि.मी. व सिराली में 173.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 9 जुलाई तक 125.1 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### समिति की बैठक 12 को

**हरदा।** सिविल सर्जन व सचिव जिला रोगी कल्याण समिति डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि जिला रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी समिति की बैठक कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में 12 जुलाई को आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि यह बैठक दोपहर 2 बजे से जिला चिकित्सालय हरदा के सभाकक्ष में आयोजित होगी। बैठक में जिन बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी, उनमें जिला चिकित्सालय परिसर में 10 टायलेट ब्लॉक बनाने, जिला चिकित्सालय के वार्डों में मरीजों व परिजनों के लिये 3 वाटर कूलर व 6 यू.वी. क्रय करने, ओपीडी के कोर्टयार्ड में मरीजों के परिजनों के लिए प्रतीक्षालय बनाने तथा जिला चिकित्सालय का सोलर सिस्टम सुधरवाने के संबंध में चर्चा की जाएगी।

## कलेक्टर ने नागरिकों की सुनी समस्याएं, निराकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए

# जनसुनवाई में बोले ग्रामीण विद्युत ट्रांसफार्मर 3 माह से पड़ा है बंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर आदित्य सिंह ने मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत जिला पंचायत के सभाकक्ष में नागरिकों की समस्याएं सुनी तथा उनके निराकरण के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुमार शानु देवड़िया सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में ग्राम मगरधा के ग्रामीणों ने कलेक्टर सिंह को आवेदन देकर गांव के वार्ड क्रमांक 7 व 8 में नाली निर्माण का कार्य पूर्ण कराने के संबंध में अनुरोध किया, जिस पर कलेक्टर ने जनपद पंचायत हरदा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ग्रामीणों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम सोनतलाई निवासी ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि सोनतलाई के बाजार मोहल्ले में विद्युत ट्रांसफार्मर करीब 3 माह से बंद है, जिस पर कलेक्टर ने महाप्रबन्धक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी को ग्रामीणों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम बिछौला माल निवासी हेमलता मौर्य ने जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन देकर नामान्तरण आदेश होने के बाद भी ऑनलाइन रिकार्ड दुरस्त न होने एवं ऋण पुस्तिका प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम हरदा व तहसीलदार हंडिया को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई में हरदा निवासी विद्या ने कलेक्टर सिंह को ग्राम छीपानेर में स्थित उनकी भूमि से अतिक्रमण हटवाने के संबंध आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार को प्रकरण का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में सिराली निवासी शोभाबाई ने कलेक्टर को बताया कि उसका पुत्र मजदूरी करता था, जिसकी गत दिनों मृत्यु हो गई थी, जिसकी सहायता राशि अभी तक उन्हें प्राप्त नहीं हुई है, जिस पर कलेक्टर ने श्रम विभाग व जनपद पंचायत खिरकिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम जामुखो निवासी ग्रामीणों ने कलेक्टर सिंह को आवेदन देकर बताया कि ग्रामवासियों को लाड़ली बहना योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिस पर कलेक्टर सिंह ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग को प्रकरण की जांच कर ग्रामीणों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये।

### विधायक पहुंचे जनसुनवाई में

मंगलवार को जिला पंचायत में आयोजित जनसुनवाई के दौरान विधायक डॉ आर के दोगने चार कांग्रेस पार्षदों और ग्राम सोनतलाई के ग्रामीणों के साथ शिकायत लेकर पंहुचे। इस दौरान कांग्रेस पार्षद हाथों में एलइडी, हाई मास्क लैंप और फिनाइल की बोतल लेकर आए और उन्होंने इन सभी की खरीदी में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। विधायक दोगने का आरोप है कि कई बार लिखित शिकायत करने के बाद भी सोनतलाई फीडर का ट्रांसफार्मर नहीं बदलने और बिजली कापनी के कर्मचारियों की लापरवाही करने की शिकायत कलेक्टर से की है।

## 'स्कूलों का नियमित निरीक्षण करें और समय पर कार्यालय आएं'



**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने मंगलवार सुबह जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिये कि सभी जिला अधिकारी अपने-अपने अधीनस्थ कार्यालयों का नियमित रूप से निरीक्षण करें और सुनिश्चित करें कि उनके अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित हों और कार्यालयीन समय के बाद ही कार्यालय छोड़ें। उन्होने जिला शिक्षा अधिकारी व जिला परियोजना समन्वयक को निर्देश दिये कि वे अपने-अपने क्षेत्र के शासकीय स्कूलों का नियमित रूप से निरीक्षण करें और शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज समस्याओं के निराकरण के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देश दिये कि आवेदक से चर्चा कर शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण ढंग से निराकरण किया जाए।

## 'एक पेड़ मां के नाम' वृहद पौधारोपण कार्यक्रम नागचून छोटी नहर के पास आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

महापौर अमृता यादव ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा है कि पेड़ न केवल ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि वायु की गुणवत्ता में भी सुधार लाते हैं। इसके साथ ही, पेड़ मानव और अन्य जीवित प्राणियों के जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पेड़ लगाना हमारी और आने वाली पीढ़ियों के जीवन को सुरक्षित बनाता है। पेड़ पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं, और हमारा कर्तव्य है कि पौधे लगाकर उन्हें अपने बच्चों की तरह बढ़ाएं। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि प्रकृति के साथ छेड़छाड़ के कारण आज पर्यावरण की स्थिति भयानक होती जा रही है। गर्मी बढ़ रही है और ऑक्सीजन की कमी का सामना हमने कोरोना काल में किया है। इस कमी को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में 'एक पेड़ मां के नाम' वृहद पौधारोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। महापौर अमृता यादव की मुख्य आतिथ्य में बुधवार को सुबह 11 बजे अटल सरोवर नागचून छोटी नहर के पास 'एक पेड़ मां के नाम' पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। महापौर ने शहरवासियों से अपील की है कि ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों से बचने के लिए पर्यावरण के संरक्षण हेतु प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा अवश्य लगाए और उसे बड़ा करने में सहयोगी बने। उन्होंने कहा कि एक पूर्ण वृक्ष दस पुत्रों के समान होता है। नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने सभी शहरवासियों से आग्रह किया है कि अपने आने वाली पीढ़ी के लिए एक पेड़ अवश्य लगाएं। आप सभी इस पौधारोपण कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं।

### पार्षद ने दिया ज्ञापन, अनुमोदन की मांग

**रहटगांव।** टिमरनी के पार्षद सुनील दुबे द्वारा कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर कलेक्टर के नाम शहरी प्रधानमंत्री आवास के संबंध में आवेदन सौंपा। जिसमें कहा गया कि 99 पात्र हितग्राहियों की सूची नगर परिषद कार्यालय टिमरनी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा जिला कलेक्टर कार्यालय को 3 अगस्त 23 को अनुमोदन हेतु भेजी गई, किन्तु अभी तक तक इस सूची के पात्र हितग्राहियों को अनुमोदन नहीं होने के कारण योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसके साथ ही 160 पात्र हितग्राहियों की सूची जांच हेतु दिनांक 30 जनवरी 24 को अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय टिमरनी को भेजी गई है जिसका भी निराकरण अभी तक नहीं हो पाया है।



## आतंकी फैजान को लेकर एटीएस पहुंची खंडवा

**खंडवा।** मप्र एटीएस की टीम ने इंडियन मुजाहिद्दीन के आतंकी फैजान को खंडवा से गिरफ्तार किया था। मंगलवार को एटीएस खंडवा लेकर पहुंची और अब उसे कोर्ट में पेश करेगी। एटीएस टीम ने फैजान को उसके घर ले जाकर महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए और फिर मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल ले गई। जिला अस्पताल से निकलते समय फैजान ने मीडिया के कैमरों के सामने विक्ट्री साइन दिखाया। मेडिकल जांच में सभी चीजें सामान्य पाई गईं। डॉक्टर धर्मेंद्र पाटिल ने बताया कि स्वास्थ्य जांच में कोई असामान्यता नहीं मिली है। एटीएस टीम फैजान को किसी भी वक्त खंडवा कोर्ट में पेश कर सकती है। यह गिरफ्तारी 4 जुलाई को हुई थी और 5 दिन की रिमांड के बाद फैजान को खंडवा लेकर आए और जरूरी दस्तावेज खंगाल कर फैजान को मंगलवार कोर्ट में पेश किया ओर कोर्ट ने आतंकी फैजान को जेल भेज दिया।

## बगई माता गौशाला नजरपुरा में 55 गायों को प्रवेश कराया



**रहटगांव।** ग्राम पंचायत नजरपुरा में बगई माता पर एक गौशाला बनी है। जिसमें सोमवार को 55 गायों को प्रवेश कराया गया। नजरपुरा ग्राम पंचायत सरपंच आशा किशोर किरार ने बताया कि गौशाला में ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणो के सहयोग से भूसा की व्यवस्था भी रखीं गई है। वहीं सचिव रामकृष्ण कुशवाहा ने बताया यहां सभी 100 से अधिक मवेशियों को रखने की व्यवस्था रखी गई है। बताया की आगामी समय में और भी मवेशी यहां रखी जाएगी और नियमानुसार उन्हें रखने और छोड़ने की कार्य किया जा सकेगा। वही सुभाष किरार ने बताया कि शासन बहुत सारी योजनाएं संचालित हो रही है जिसका हर वर्ग को लाभ मिल रहा है, ऐसे में गौशाला के माध्यम से मुक मवेशियों को भी बेहतर भुसा पानी मिलेगा साथ ही उनकी समय-समय पर जांच भी होगी।

## प्रधानाध्यापक गंगूसिंह धार्वे ने लिया प्रभार, छात्र-छात्राओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या



समीपवर्ती शासकीय माध्यमिक विद्यालय में पदभार ग्रहण करने पहुंचे प्रधानाध्यापक (उच्च प्रभार पद) गंगूसिंह धार्वे का पारम्परिक तरीके से स्वागत किया। जहां छात्राओं ने उन्हें तिलक लगाकर आरती उतारी और छात्रों ने पुष्प वर्षा कर अपनी मनोभावना व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि यूपीएससी में कलेक्टर पद पर चयनित मनीषा धार्वे के पिता हैं।

छात्राओं में आरती मोरे, सीमा मंडलोई, कमला नार्वे, अंजली मंडलोई ने बताया कि हमें मालूम था कि उन्होंने शिक्षक होकर अपनी बेटी को कलेक्टर बना दिया और वे हमारी स्कूल के उक्त पद पर आने वाले हैं। यही बात छात्रों में गोपाल रंधावे, मोहनसिंह सिसौदिया,सागर रंधावे,दुर्गेश सोलंकी ने भी कही है। उन्होंने यह भी बताया कि कलेक्टर की माता हमारे गांव की है और वे भी शिक्षिका हैं। इससे हमें अच्छा लग रहा है और हमारे गांव का नाम रोशन हुआ है। उनसे हमें कुछ सिखने को मिलेगा और यह हमारा सौभाग्य है। नवागत प्रधानाध्यापक ने कहा कि सभी बच्चे कड़ी मेहनत, बड़ों का आशिर्वाद एवं ईश्वर की कृपा से मुकाम हासिल करते हैं और हम केवल माध्यम हैं। उल्लेखनीय है कि उपायुक्त, जन जातीय कार्य विभाग इंदौर ने 26 जून को प्रदेश के वरिष्ठ्ता क्रम में 238 स्नातक शिक्षक शिक्षिकाओं की उक्त नवीन पदस्थापना की है। इनमें ग्राम आभापुरी की एक शिक्षिका और खोई का एक शिक्षक भी शामिल हैं। इस अवसर पर शिक्षकों में शकील शेख, लालसिंह खतवासे, सुजानसिंह चौहांन ने भी उनका स्वागत किया।

## समय पर खुलें कार्यालय और अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयीन समय में उपस्थित रहें : कलेक्टर

**सीहोर।** कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में समय सीमा पत्रकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को पूर्व से विभागीय लंबित आवेदनों के निराकरण करने और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी विभाग की 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाइन की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर सिंह ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा के पूर्व अधिकारियों को निर्धारित समय पर कार्यालय खोलने और कार्यालय खुलने के बाद अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यालयों में अपने कामों को लेकर आने वाले आमजनों के काम समय पर किए जाएं।

## बारिश से किसानों के चेहरे खिले फसल के लिए बताई फायदेमंद

**भैरुंदा।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में दो-तीन दिनों से मौसम के करवट लेने पर रविवार की रात क्षेत्र में हुई झमाझम बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दिलाई।वहीं किसान इस बारिश को सोयाबीन फसल के लिए फायदेमंद बता रहे हैं। जाहिर है कि रविवार दोपहर तक उमस वाली गर्मी ने आमजन को काफी बेचैन किया था।लोग गर्मी के असर से परेशान नजर आए। हालांकि दोपहर को काले बादलों ने डेरा लगाए रखा था।इसके बाद तापमान में गिरावट के साथ मौसम में ठंडक का असर बना हुआ था,लेकिन रविवार की रात करीब 7 बजे से एक घंटे की झमाझम बारिश से खेतों में पानी जमा हो गया। क्षेत्र के किसान बारिश को सोयाबीन फसल की खेती के लिए लाभकारी बता रहे हैं।

### अनुबंध पत्र का पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

**सीहोर।** अचल सम्पत्ति क्रय-विक्रय के अनुबंध (सौदा-चिट्ठी) का पंजीयन आवश्यक है। भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 की धारा-17 के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों भूमि, भवन, फ्लेट, प्लॉट, दुकान, गोडाऊन, कार्यालय इत्यादि को खरीदने या विक्रय के एग्रीमेंट का पंजीयन सब रजिस्ट्रार कार्यालय में करना अनिवार्य है। केवल स्टाम्प पर लिखे गये नोटराईज्ड अनुबंध कानूनी अधिकार प्रदान नहीं करता है। अचल सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के अनुबंध पत्रों पर स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क निर्धारित है। एग्रीमेंट में सम्पत्ति पर कब्जा नहीं दिया है, तो एक हजार रूपये स्टाम्प ड्यूटी और अनुबंध मूल्य का 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है। अनुबंध के द्वारा कब्जा देने पर सम्पत्ति के बाजार मूल्य या सौदा मूल्य, जो भी अधिक हो का हस्तांतरण पत्र अनुसार 5 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क तथा 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है। अनुबंध पत्र पर उपरोक्तानुसार चुकाई गई स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन फीस का समायोजन रजिस्ट्री कराने पर हो जाता है। आम नागरिकों से अपील की गई है कि अचल सम्पत्ति क्रय-विक्रय के अनुबंध पत्रों का पंजीयन अवश्य कराएं।

## गुरू पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित

# 'गुरू पूर्णिमा का महोत्सव शांति व सद्भाव के साथ मनाएं'

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा



आगामी दिनों में मनाए जाने वाले गुरू पूर्णिमा महोत्सव को परम्परागत, शांति व सद्भाव के साथ मनाने के उद्देश्य से को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि गुरू पूर्णिमा का महोत्सव आगामी 19 से 21 जुलाई तक मनाया जाएगा। बैठक में कलेक्टर अनूप कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, अपर कलेक्टर के.आर. बड़ोले, अरविंद चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र तारणेकर, एसडीएम खण्डवा बजरंग बहादुर सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं समिति के सदस्यगण मौजूद थे।

बैठक में गुरू पूर्णिमा महोत्सव में पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा सहित विभिन्न मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई। कलेक्टर सिंह ने सभी सदस्यों से अपील की कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गुरू पूर्णिमा महोत्सव को पूरे उत्साह, उमंग, अनुशासन व परम्परागत तरीके से मनायें। उन्होंने आश्वस्त किया कि गुरू पूर्णिमा मेले में प्रकाश व्यवस्था, मार्गों की मरम्मत, शौचालयों की व्यवस्था तथा शहर की स्वच्छता व पेयजल जैसे सभी कार्य बेहतर तरीके से सम्पन्न किए जायेंगे और प्रयास किया जायेगा कि इस उत्सव के दौरान नागरिकों को कोई परेशानी न हो। बैठक में कलेक्टर सिंह ने सीएमएचओ को निर्देश दिए कि दादाजी मंदिर के पास एक अस्थाई चिकित्सा कक्षा स्थापित की जाये एवं वहां डॉक्टर्स की ड्यूटी लगाई जाये। नगर निगम के अधिकारियों को त्यौहारों पर शहर में साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही पीडब्ल्यूडी के अधिकारी से कहा कि जहां सड़क मरम्मत की आवश्यकता है वहां तत्काल सुधार कार्य कराया जाये। नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि त्यौहारों पर शहर में होने वाली भीड़भाड़ को देखते हुए आवारा पशुओं पर भी रोक लगाई जाये।

बैठक में उन्होंने कहा कि गुरू पूर्णिमा उत्सव के दौरान डी.जे. के प्रयोग पर सख्त प्रतिबंध रहेगा। कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौशाला चौराहे के पास जूता स्टेण्ड एवं श्रद्धालुओं के लिए कीमती सामान रखने हेतु एक अस्थाई अमानती घर के लिए जगह चिन्हित की जाये, जिससे श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। अवैध अतिक्रमण को भी हटाने की कार्यवाही के निर्देश दिए गए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि गुरू पूर्णिमा महोत्सव के दौरान मुख्य मार्ग में आने वाली मदिरा एवं मांस की दुकाने बंद रहेंगी। उन्होंने कहा कि महोत्सव के दौरान शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

बैठक में पुलिस अधीक्षक राय ने कहा कि गुरू पूर्णिमा महोत्सव के दौरान सभी बेहतर कार्य करें और सभी वालेन्टियर्स को अलग-अलग कार्य के लिए नियुक्त करें। उन्होंने यातायात व्यवस्था संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि सभी नागरिक निर्धारित जगह पर ही पार्किंग करें। महोत्सव के दौरान पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की जायेगी, जिससे श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। महोत्सव के दौरान सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से नजर रखी जाएगी। बैठक में पावर पॉइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से दादाजी दरबार एवं आसपास के क्षेत्र में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर इस वर्ष की जाने वाली व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से बताया गया।

### निर्देश : ट्रांसफार्मर, पोल के पास न लगाएं ठेले

**सीहोर।** मप्र मध्य क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी ने निर्देश जारी किए हैं कि व्यापारी या फेरी वाले ट्रांसफार्मर एवं पोल के आसपास हाथ ठेले या गुमठियां न लगाएं। ऐसा करने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। कंपनी का कहना है कि कई स्थानों पर ऐसा देखने में आ रहा है, ऐसा करके लोग जहां अपनी जान को जोखिम में डाल रहे हैं, वहीं इस तरह से बिजली के खंभों या ट्रांसफार्मर से सटाकर ठेले पर सामान बेचना नियमों के विपरीत भी है। इसलिए यदि कहीं पर भी इस तरह की गतिविधियां हो रही हों, तो स्वयं ही उन्हें हटा लें, अन्यथा विद्युत वितरण कंपनी को कार्रवाई करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

### अपडेट मतदाता सूची 19 को प्रकाशित

**सीहोर।** राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकायों व त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया है। मतदाता सूची 1 जनवरी 2024 को तारीख के आधार पर बनाई जाएगी। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 19 जुलाई को होगा।